2nd TOP Publisher in Education
3rd TOP Publisher in Test Prep
Best Exam Prep Company of 2022

वस्तुनिष्ठ एव वर्णनात्मक

# सामान्य हिन्दी

## (व्याकरण एव रचना)

SAMPLE

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अत्यंत उपयोगी

विगत वर्षों के विभिन्न परीक्षाओं में पूछे गए वस्तुनिष्ठ एव वर्णनात्मक प्रश्नों का अध्यायवार संकलन

UGC, UPSC, State – PCS, CTET/ UPTET, KVS/ NVS, UPSI, RO/ ARO, लेखपाल एवं लेखा परीक्षक, SSC, रेलवे एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अति उपयोगी एवं प्रामाणिक पुस्तक

DISHA™
Publication Inc

**DISHA Publication Inc.**

A-23 FIEE Complex, Okhla Phase II

New Delhi-110020

Tel: 49842349/ 49842350

© Copyright DISHA Publication Inc.

All Rights Reserved. No part of this publication may be reproduced in any form without prior permission of the publisher. The author and the publisher do not take any legal responsibility for any errors or misrepresentations that might have crept in.
We have tried and made our best efforts to provide accurate up-to-date information in this book.

**Edited By:**

**Chandrasen Singh**

**Typeset By**

DISHA DTP Team

Buying Books from Disha is always Rewarding

This time we are appreciating your writing Creativity.
Write a review of the product you purchased on Amazon/Flipkart

Take a screen shot / Photo of that review

**Scan this QR Code ➔**
Fill Details and submit | That's it ... Hold tight n wait.
At the end of the month, you will get a surprise gift from Disha Publication

**Scan this QR code**

Write To Us At

**feedback_disha@aiets.co.in**

www.dishapublication.com

DISHA™
Publication Inc

# Free Sample Contents

2. शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय एवं वाक्य रचना 10-22

This sample book is prepared from the book **"Vastunishtha avum Varnanaatmak Samanya Hindi for Competitive Exams|Bank, SSC, Railways, UPSC, Defence, Teaching, Judiciary|Previous Year Questions|Comprehension, Writing, Grammar & Vocabulary Skills".**




**ISBN -** 9789395985895

**MRP-** 410/-

In case you like this content, you can buy the **Physical Book** or **E-book** using the ISBN provided above.

The book & e-book are available on all leading online stores.

# विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | हिंदी वर्णमाला व विराम चिह्न | 1-9 |
| 2. | शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय एवं वाक्य रचना | 10-22 |
| 3. | संज्ञा, शब्द रूप-लिंग, वचन, कारक एवं परसर्ग | 23-32 |
| 4. | सर्वनाम | 33-36 |
| 5. | विशेषण और विशेष्य | 37-45 |
| 6. | क्रियाएँ (काल, वाच्य, अव्यय एवं निपात) | 46-53 |
| 7. | संधि | 54-63 |
| 8. | समास | 64-73 |
| 9. | अनेकार्थी शब्द | 74-78 |
| 10. | विलोम शब्द | 79-90 |
| 11. | पर्यायवाची शब्द | 91-101 |
| 12. | मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 102-113 |
| 13. | तद्भव-तत्सम, देशज एवं विदेशज शब्द | 114-122 |

| | | |
|---|---|---|
| 14. | वर्तनी | 123-131 |
| 15. | अर्थबोध (अवतरण) | 132-150 |
| 16. | युग्म शब्द (श्रुतिसमभिन्नार्थक) | 151-162 |
| 17. | हिंदी भाषा में प्रयुक्त अशुद्धियाँ | 163-176 |
| 18. | हिंदी भाषा एवं बोलियाँ | 177-183 |
| 19. | अनेक शब्दों के लिए एक शब्द | 184-198 |
| 20. | रस | 199-206 |
| 21. | अलंकार | 207-219 |
| 22. | छंद | 220-228 |
| 23. | भाषा-विज्ञान | 229-237 |
| 24. | हिंदी पद्य/गद्य रचना व रचनाकार | 238-269 |
| 25. | रिक्त स्थान की पूर्ति | 270-274 |
| 26. | क्रमबद्धता | 275-283 |
| 27. | संक्षेपण, पत्र-लेखन, निबंध एवं प्रशासनिक शब्दावलियाँ | 284-306 |
| 28. | अनुवाद | 307-320 |

# 2 शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय एवं वाक्य रचना

दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को **शब्द** कहते हैं।

**जैसे-**

- श+ल+ज+म=शलजम, यह एक शब्द है। क्योंकि इसका अर्थ होता है।
- ज+ल+म+श= जलमश, यह शब्द नहीं है। क्योंकि इसका कोई अर्थ नहीं होता है।

## शब्द के भेद-

शब्द के भेद निम्नलिखित आधार पर माने गए हैं-

1. वाक्य में प्रयोग के आधार पर
2. रचना या बनावट के आधार पर
3. उत्पत्ति के आधार पर
4. व्याकरणिक प्रकार्य के आधार पर
5. अर्थ के आधार पर

## वाक्य में प्रयोग के आधार पर शब्दों के भेद-

वाक्य में प्रयोग के आधार पर शब्दों के दो भेद होते हैं-

1. सार्थक शब्द 2. निरर्थक शब्द

### 1. सार्थक शब्द

वर्णों का ऐसा मेल, जिसका कोई-न-कोई अर्थ होता है, **सार्थक शब्द** कहलाते हैं।

**जैसे-** तरबूज, कमल, पुस्तक, पानी, सेब आदि।

### 2. निरर्थक शब्द

ऐसे शब्द जिनका कोई अर्थ नहीं होता, उन्हें **निरर्थक शब्द** कहा जाता है।

**जैसे-** पानी-वानी, रोटी-सोटी आदि।

इनमें वानी, सोटी निरर्थक शब्द हैं। इनका कोई अर्थ नहीं निकल रहा। भाषा और व्याकरण में केवल सार्थक शब्दों का प्रयोग किया जाता है। केवल बोलचाल की भाषा में निरर्थक शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

## रचना या बनावट के आधार पर शब्दों के भेद-

रचना या बनावट के आधार पर शब्दों के तीन भेद होते हैं-

1. रूढ़ शब्द 2. यौगिक शब्द 3. योगरूढ़ शब्द

### रूढ़ शब्द

वे शब्द जिनका अपना स्वतंत्र अस्तित्व होता है तथा यदि उनके टुकड़े किये जाए तो उनका कोई सार्थक अर्थ नहीं निकलता, उन्हें **रूढ़ शब्द** कहते हैं। ये शब्द हिंदी भाषा में विशेष अर्थ के साथ परम्परा से प्रयुक्त होते आ रहे हैं।

**जैसे-** चल, पुस्तक, आग, दीवार, कठिन, गुण आदि।

### यौगिक शब्द

जो शब्द दो या दो से अधिक शब्दों या शब्द के खण्डों के योग से बनते हैं, **यौगिक शब्द** कहलाते हैं। इनका अलग-अलग अपना अर्थ भी होता है और आपस में जुड़कर कोई नया अर्थ भी बना देते हैं।

**जैसे-** विद्या+आलय= विद्यालय

रेल+गाड़ी= रेलगाड़ी

भोजन+आलय= भोजनालय आदि।

### योगरूढ़ शब्द

वे शब्द जो दो या दो से अधिक शब्दों या वाक्यांशों से मिलकर बने हो, किन्तु इनका प्रयोग सामान्य अर्थ के लिए न होकर विशेष अर्थ के लिए होता है, **योगरूढ़** शब्द कहलाते हैं।

**जैसे-** पंकज में पंक का अर्थ होता है कीचड़ तथा अज का अर्थ होता है उत्पन्न होने वाला। इस प्रकार पंकज का अर्थ हुआ कीचड़ में उत्पन्न हुआ। कीचड़ में कमल खिलते हैं, इसलिए इसका अर्थ हुआ कमल।

## उत्पत्ति के आधार पर शब्द के भेद-

उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद होते हैं-

1. तत्सम शब्द 2. तद्भव शब्द
3. देशज शब्द 4. विदेशज शब्द

### तत्सम शब्द

संस्कृत के वे शब्द जो अपने वास्तविक रूप में ही हिंदी भाषा में प्रयुक्त किये जाते हैं, **तत्सम शब्द** कहलाते हैं।

**जैसे-** अग्नि, जल, भूमि, वानर, मुख आदि।

### तद्भव शब्द

वे शब्द जिनकी उत्पत्ति संस्कृत के शब्दों से हुई हो किन्तु उनका रूप कुछ परिवर्तित कर दिया गया हो, **तद्भव शब्द** कहलाते हैं।

**जैसे-** दूध, घी, भाई, मोर आदि।

### देशज शब्द

जो शब्द स्थानीय प्रभाव या क्षेत्रीय प्रभाव से परिस्थितिवश निर्मित होकर हिंदी भाषा में प्रचलित हो गए हैं, वे **देशज शब्द** कहलाते हैं।

**जैसे-** मटका, खिड़की, पेट, पगड़ी आदि।

DISHA™ Publication Inc

### विदेशज शब्द

वे शब्द जो विदेशी भाषाओं से हिंदी में लाये गए हैं, उन्हें **विदेशज शब्द** कहते हैं।

**जैसे-** डॉक्टर, पेन, शादी, मोटर आदि।

### व्याकरणिक प्रकार्य के आधार पर शब्दों के भेद-

व्याकरणिक प्रकार्य के आधार पर शब्दों के दो भेद होते हैं-

1. विकारी शब्द
2. अविकारी शब्द

### विकारी शब्द

वे शब्द जो लिंग, वचन, काल, कारक आदि की दृष्टि से बदल जाते हैं, उन्हें **विकारी शब्द** कहते हैं। **विकारी शब्द** चार प्रकार के होते हैं-

**संज्ञा-** किताब, किताबें, नदी, नदियाँ, पहाड़, पहाड़ों आदि।

**सर्वनाम-** तुम, तुम्हारा, मैं, मेरा, हम, हमारा आदि।

**विशेषण-** बड़ा, बड़ी, हरा, हरी, काला, सुन्दर आदि।

**क्रिया-** रोया, खाया, गया, गई आदि।

### अविकारी शब्द

जिन शब्दों में वचन, लिंग, काल, कारक की दृष्टि से कोई परिवर्तन नहीं होता, उन्हें अविकारी शब्द कहते हैं। अविकारी शब्द चार होते हैं-

**क्रियाविशेषण-** नदी तेज बहती है, नदियाँ तेज बहती हैं।

**सम्बन्धबोधक-** वह तुम्हारे बिना घर नहीं जाएगा, वह हमारे बिना घर नहीं जाएगा।

**समुच्चयबोधक-** रोहन और मोहन ने क्रिकेट खेला।

**विस्मयादिबोधक-** अरे! आप यहाँ पर कब आये?

### अर्थ के आधार पर शब्दों के भेद-

अर्थ के आधार पर शब्द के छः भेद होते हैं-

1. पर्यायवाची शब्द
2. विलोम शब्द
3. अनेकार्थी शब्द
4. वाक्यांशों के लिए एक शब्द
5. एकार्थी
6. समानभासी शब्द-युग्म

**पर्यायवाची शब्द-** सामान अर्थ को प्रकट करने वाले शब्दों को **पर्यायवाची शब्द** कहते हैं।

**जैसे- पानी-** नीर, जल, वारि, आग- अग्नि, अनल, पावक

**विलोम शब्द-** ऐसे शब्द जो एक-दूसरे का विपरीत/ उल्टा अर्थ देते हैं, उन्हें **विलोम शब्द** कहते हैं।

जैसे- भला-बुरा, सरल-कठोर, प्रश्न-उत्तर, ठंडा-गर्म

**अनेकार्थी शब्द-** जिन शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते हैं, उन्हें **अनेकार्थी शब्द** कहते हैं।

**जैसे-** पूर्व-एक दिशा, पहले, पत्र-चिट्ठी, पत्ता

**वाक्यांशों के लिए एक शब्द-** भाषा को सरल, सुंदर व प्रभावशाली बनाने के लिए अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करते हैं, ऐसे शब्दों को **वाक्यांशों के लिए एक शब्द** कहते हैं।

**जैसे-** जो पढ़ा-लिखा न हो - अनपढ़

जिसके हृदय में दया हो - दयालु


**एकार्थी शब्द-** जिन शब्दों के केवल एक ही अर्थ होते हैं, उन्हें **एकार्थी शब्द** कहते हैं।

**जैसे-** पीड़ा-दर्द, गृह-घर, नृत्य-नाच

**समानभासी शब्द-युग्म-** ऐसे शब्द जिनकी वर्तनी में भिन्नता होते हुए भी सुनने में वे एक सामान प्रतीत होते हैं, परन्तु उनके अर्थ भिन्न होते हैं, **समानभासी शब्द-युग्म** कहलाते हैं।

**जैसे-** कुल-वंश, अन्य-दूसरा।

DISHA TM Publication Inc



हिंदी में शब्दों की रचना उपसर्ग तथा प्रत्ययों के आधार पर होती है।

## उपसर्ग

जो शब्द किसी शब्द के पहले लगकर नए शब्द की रचना करते हैं, उन्हें **उपसर्ग** कहते हैं। उपसर्गों का अपना कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं होता, वे मूल शब्दों के साथ जुड़कर नया अर्थ देते हैं।

**जैसे-** अभि+मान= अभिमान

हिंदी में तीन प्रकार के उपसर्गों का प्रयोग होता है-

1. तत्सम उपसर्ग
2. तद्भव उपसर्ग
3. विदेशी उपसर्ग

### (1) तत्सम उपसर्ग

जो उपसर्ग संस्कृत से ज्यों के त्यों हिंदी में लाये गए हैं, वे **तत्सम उपसर्ग** कहलाते हैं।

**उदाहरण-**

| उपसर्ग | उपसर्ग के प्रयोग से बने नए शब्द |
|---|---|
| अति | अतिशय, अतिरिक्त, अतिक्रमण |
| अनु | अनुसार, अनुवाद, अनुकूल |
| प्रति | प्रतिकार, प्रतिक्षण |
| परि | परिभ्रमण, परिक्रमा |
| सम् | सम्मुख |
| वि | विज्ञान, विशेष, विकास |

### (2) तद्भव उपसर्ग

जो शब्द संस्कृत से कुछ परिवर्तित होकर हिंदी में प्रयुक्त होते हैं, वे **तद्भव उपसर्ग** कहलाते हैं।

**उदाहरण-**

| उपसर्ग | उपसर्ग के प्रयोग से बने नए शब्द |
|---|---|
| अन | अनपढ़, अनमोल, अनजान |
| नि | निडर, निकम्मा, निहत्था |
| स | सरस, सपूत, सजग |
| दु | दुबला, दुकाल |
| अध | अधजला, अधपका, अधमरा |
| कु | कुकर्म, कुमार्ग, कुचाल |

### (3) विदेशी उपसर्ग

जो उपसर्ग विदेशी भाषाओं से हिंदी में आये हैं, वे **विदेशी उपसर्ग** होते हैं। हिंदी में मुख्यत: अरबी तथा फारसी भाषा से उपसर्ग लिए गए हैं।

**उदाहरण-**

| उपसर्ग | उपसर्ग के प्रयोग से बने नए शब्द |
|---|---|
| खुश | खुशदिल, खुशमिजाज |
| बद | बदनाम, बदबू, बदमाश |
| ला | लाइलाज, लाजवाब |
| बे | बेईमान, बेरहम, बेइज्जत |

## प्रत्यय

प्रत्यय मूल शब्द के अंत में जुड़कर नए शब्दों की रचना करते हैं। प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं-

1. कृत प्रत्यय
2. तद्धित प्रत्यय

**(1) कृत प्रत्यय-** जो शब्दांश क्रिया या धातु के अंत में जुड़कर नए शब्दों की रचना करते हैं, कृत प्रत्यय कहलाते हैं। **कृत प्रत्ययों** के योग से बने शब्दों को कृदंत कहते हैं।

**उदाहरण-**

| प्रत्यय | प्रत्यय के प्रयोग से बने नए शब्द |
|---|---|
| आई | लड़ाई, मिठाई, भलाई |
| अक | धावक, सहायक, पालक |
| कर | जाकर, लाकर, देखकर |
| आहट | घबराहट, चिल्लाहट |

**(2) तद्धित प्रत्यय-** जो प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम या विशेषण के अंत में जुड़कर नए शब्द बनाते हैं, उन्हें **तद्धित प्रत्यय** कहते हैं।

| प्रत्यय | प्रत्यय के प्रयोग से बने नए शब्द |
|---|---|
| कार | पत्रकार, चित्रकार, कलाकार |
| हारा | लकड़हारा, पनिहारा |
| दार | ईमानदार, दुकानदार |
| गर | कारीगर, बाजीगर |

**वाक्य के भाग**

उद्देश्य | विधेय

**वाक्य-भेद**

| साधारण वाक्य | संयुक्त वाक्य | मिश्रित वाक्य |
|---|---|---|
| **परिभाषा-** जिस वाक्य में केवल एक ही क्रिया है। ऐसे वाक्य साधारण वाक्य कहलाते हैं।<br>जैसे- बच्चा दूध पीता है। | **परिभाषा-** दो अथवा दो से अधिक साधारण वाक्य जब समुच्चयबोधक अव्ययों से जुड़े हुए हैं। ऐसे वाक्य संयुक्त वाक्य कहलाते हैं।<br>जैसे- ठंडी हवा चल रही थी इसीलिए मैं जल्दी न उठ सका। | **परिभाषा-** जब किसी विषय पर पूर्ण विचार प्रकट करने के लिए कई साधारण वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य की रचना करनी पड़ती है तब ऐसे रचित वाक्य ही मिश्रित वाक्य कहलाते हैं।<br>जैसे- जो मेहनत करता है, वह फल पाता है। |

**वाक्य रचना-** शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं।

**वाक्य के अंग-**

वाक्य के दो अंग होते हैं -

1. उद्देश्य 2. विधेय

**1. उद्देश्य-** वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाता है, उसे **उद्देश्य** कहते हैं।

**जैसे-**

- राम पढ़ रहा है।
- हनुमान ने पर्वत उठा लिया।

यहाँ राम और हनुमान के विषय में बात हो रही है, इसलिए ये दोनों **उद्देश्य** हैं।

**2. विधेय-** वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाता है, उसे **विधेय** कहते हैं।

**जैसे-**

- राम पढ़ रहा है।
- हनुमान ने पर्वत उठा लिया।

यहाँ उद्देश्य राम और हनुमान के विषय में जो कुछ बताया गया है, उसे विधेय कहेंगे।

### वाक्य के भेद-

वाक्य के भेद दो आधार पर होते हैं-

1. रचना के आधार पर
2. अर्थ के आधार पर

**रचना के आधार पर-** रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते हैं-

1. सरल वाक्य
2. संयुक्त वाक्य
3. मिश्रित वाक्य

### सरल वाक्य

जिन वाक्यों में एक विधेय और एक ही उद्देश्य होता है, उसे **सरल वाक्य** कहते हैं। सरल शब्दों में कहें तो सरल/साधारण वाक्य में एक कर्ता और एक ही क्रिया होती है।

**जैसे-**

- बच्चा सो गया।
- बिजली चमकती है।

### संयुक्त वाक्य

जिन वाक्यों में दो या दो से अधिक उपवाक्य योजक द्वारा जुड़े होते हैं, उन्हें **संयुक्त वाक्य** कहते हैं।

**जैसे-**

- प्रिय बोलो पर असत्य नहीं।
- वह सुबह गया और शाम को वापस आ गया।

### मिश्रित वाक्य

जिन वाक्यों में एक से अधिक वाक्य जुड़े होते हैं, उन्हें **मिश्रित वाक्य** कहते हैं। इसमें एक प्रधान उपवाक्य होता है और दूसरा आश्रित उपवाक्य होता है।

**जैसे-**

- सोनल ने बताया कि वह कम्प्यूटर पर काम कर रही है।

यहाँ 'सोनल ने बताया' प्रधान उपवाक्य है और 'वह कम्प्यूटर पर काम कर रही है' आश्रित उपवाक्य है।

### अर्थ के आधार पर

अर्थ के आधार पर वाक्य आठ प्रकार के होते हैं-

1. सरल वाक्य
2. निषेधात्मक वाक्य
3. प्रश्नवाचक वाक्य
4. आज्ञावाचक वाक्य
5. संकेतवाचक वाक्य
6. विस्मयादिबोधक वाक्य
7. विधानवाचक वाक्य
8. इच्छार्थक वाक्य

### सरल वाक्य

जिन वाक्यों में बात साधारण ढंग से कही जाती है, उसे **सरल वाक्य** कहते हैं।

**जैसे-**

राम ने रावण को मारा।

मुझे विद्यालय जाना है।

### निषेधात्मक वाक्य

जिस वाक्य से किसी कार्य के न होने का बोध होता है, उसे **निषेधात्मक वाक्य** कहते हैं। इस प्रकार के वाक्य में **न, नहीं, मत** शब्द का प्रयोग होता है।

**जैसे-**

- आज वर्षा नहीं होगी।
- हमें वृक्ष नहीं काटने चाहिए।

### प्रश्नवाचक वाक्य

जिस वाक्य में प्रश्न पूछे जाते हैं, उन्हें **प्रश्नवाचक वाक्य** कहते हैं।

**जैसे-**

- तुम्हारा घर कहाँ है?
- मोहन क्या कर रहा है?

### आज्ञावाचक वाक्य

जिन वाक्यों से आज्ञा, उपदेश, अनुरोध आदि भाव का बोध होता हो, उसे **आज्ञावाचक वाक्य** कहते हैं।

**जैसे-**

- परिश्रम करोगे तो फल मिलेगा।
- बड़ों का आदर करो।

### संकेतवाचक वाक्य

जिन वाक्यों में एक क्रिया का होना दूसरी क्रिया के पूर्ण होने पर निर्भर करता हो, उसे **संकेतवाचक वाक्य** कहते हैं।

**जैसे-**

- यदि मेहनत करोगे तो ही सफलता मिलेगी।
- यदि तुम ध्यान से पढ़ते तो अवश्य पास होते।

DISHA™ Publication Inc

### विस्मयादिबोधक वाक्य

जिन वाक्यों में हर्ष, घृणा, शोक, भय आदि के भाव प्रकट हो, उसे **विस्मयादिबोधक** वाक्य कहते हैं।

**जैसे-**

- वाह! कितना सुंदर दृश्य है।
- हाय! मैं लूट गया।

### विधानवाचक वाक्य

जिन वाक्यों में क्रिया के होने या करने की सूचना मिले, उसे विधानवाचक वाक्य कहते हैं।

**जैसे-**

- पक्षी उड़ रहे हैं।
- राम खाना बना रहा है।

### इच्छार्थक वाक्य

जिस वाक्य से इच्छा, आशीष, शुभकामना आदि का बोध होता है, उसे **इच्छार्थक वाक्य** कहते हैं।

**जैसे-**

- भगवान तुम्हें लम्बी उम्र दे।
- नया वर्ष मंगलमय हो।

## अध्याय आधारित विगत वर्षों के प्रश्न

**1.** निम्नलिखित में से किस शब्द में 'अ' उपसर्ग नहीं लगा है? **(UPSSSC VDO-2018, Shift-II)**
(a) अकथ (b) अभेद (c) अचूक (d) अनुज

**उत्तर:** (d)

**2.** निम्नलिखित में से किस शब्द में 'नी' प्रत्यय नहीं लगा है? **(UPSSSC VDO-2018, Shift-II)**
(a) शेरनी (b) मोरनी (c) नौकरानी (d) कुटनी

**उत्तर:** (c)

**3.** 'अध्यक्ष' में कौन सा उपसर्ग है? **(UPSSSC VDO-2018, Shift-I)**
(a) अधि (b) अध (c) अत (d) सत

**उत्तर:** (a)

**4.** 'संग्राम' में उपसर्ग बताइए। **(UPSSSC VDO-2018, Shift-II)**
(a) सन् (b) सम् (c) स (d) सत

**उत्तर:** (b)

**5.** 'सावधानी' में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSSSC VDO-2018, Shift-I)**
(a) नी (b) धानी (c) ई (d) आनी

**उत्तर:** (c)

**6.** 'आगमन' में उपसर्ग है: **(UPSSSC VDO-2018, Shift-I)**
(a) आ (b) अ (c) आग (d) मन

**उत्तर:** (a)

**7.** 'रसोइया' में प्रत्यय है: **(UPSSSC VDO-2018, Shift-I)**
(a) या (b) इया (c) आ (d) रस

**उत्तर:** (b)

**8.** उपसर्ग बताइए: अतींद्रिय **(UPSSSC वनरक्षक-2018 Shift-I)**
(a) अति (b) अतो (c) अ (d) अत

**उत्तर:** (a)

**9.** 'ब' उपसर्ग किसमें हैं? **(UPSSSC वनरक्षक-2018, Shift-II)**
(a) बदबू (b) बदौलत
(c) बदनाम (d) बदहजमी

**उत्तर:** (b)

**10.** निम्न शब्द में प्रयुक्त के लिए सही विकल्प चुनिए-
मच्छरदानी **(UPSSSC मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा-2015)**
(a) अनीय (b) अन (c) इया (d) दानी

**उत्तर:** (d)

**11.** 'सुशिक्षित' में उपसर्ग हैं **(UPSSSC JE Exam-2015)**
(a) पर (b) सु (c) उ (d) सी

**उत्तर:** (b)

**12.** 'बहाव' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है? **(UPSSSC वनरक्षक, परीक्षा-2015)**
(a) बह (b) हाव (c) आव (d) आवा

**उत्तर:** (c)

**13.** निम्नलिखित पद में कौन-सा पद 'वैया' प्रत्यय लगाने से बना है? **(UPSSSC लोवर Exam-2016, III )**
(a) रवैया (b) डटैया (c) खवैया (d) बचैया

**उत्तर:** (c)

**14.** किस शब्द में उपसर्ग नहीं है? **(UPSSSC लोवर Exam-2016, III )**
(a) अपवाद (b) पराजय (c) प्रभाव (d) ओढ़ना

**उत्तर:** (d)

**15.** 'असुरक्षित' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है? **(UPSSSC गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा-2018)**
(a) अ (b) सु (c) अ + सु (d) असु

**उत्तर:** (d)

**16.** प्रत्यय होता है- **(UPSSSC जूनियर इंजीनियर/तकनीकि परीक्षा, -2016)**
(a) शब्दांश (b) वाक्यांश
(c) पदांश (d) पद्यांश

**उत्तर:** (c)

**17.** लोगों ने उसे मार-मार कर अध-मरा किया। रेखांकित शब्द क्या है? **(UPSSSC व्यायाम प्रशिक्षक-2018-I पाली-II)**
(a) संज्ञा (b) उपसर्ग (c) अव्यय (d) प्रत्यय

**उत्तर:** (b)

DISHA™ Publication Inc

**18.** आहट, आवट, आस आदि किस प्रकार के तद्धित प्रत्यय है?
**(UPSSSC वनरक्षक-2018 Shift-I)**
(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य
(c) भाववाचक (d) संबंध वाचक
**उत्तर:** (c)

**19.** 'औपचारिक' शब्द में प्रत्यय लगा है:
**(UPSSSC वनरक्षक-2018, Shift-I)**
(a) अ (b) क (c) इक (d) ईक
**उत्तर:** (c)

**20.** सभी चिट्ठियाँ डाक से भेजी गईं। इसमें कर्ता है:
**(UPSSSC वनरक्षक-2018, Shift-II)**
(a) डाक (b) भेजी गई (c) सभी (d) चिट्ठियाँ
**उत्तर:** (d)

**21.** निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य कौन-सा है?
**(UPSSSC VDO-2018, Shift-II)**
(a) रण में सेनापति को वीरता दिखाने के कारण राष्ट्रपति ने उसे वीरचक्र प्रदान किया।
(b) उसे लूटने के अतिरिक्त पीटा भी गया।
(c) उसने मान लिया कि दोष उसका है।
(d) मेरा मित्र आया और हम दोनों सैर करने चल पड़े।
**उत्तर:** (c)

**22.** 'बच्चे खेल रहे हैं।' **(UPSSSC VDO-2018, Shift-II)**
अर्थ के आधार पर वाक्य का प्रकार बताइए:
(a) प्रश्नवाचक (b) विधानवाक्य
(c) निषेधात्मक वाक्य (d) आज्ञावाचक वाक्य
**उत्तर:** (b)

**23.** मुझे बताओ कि तुम्हारा जन्म कब और कहाँ हुआ था? वाक्य का भेद बताइए। **(UPSSSC वनरक्षक-2018, Shift-I)**
(a) सरल वाक्य (b) आश्रित वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) मिश्र वाक्य
**उत्तर:** (d)

**24.** तुम कहाँ जा रहे हो? वाक्य का प्रकार स्पष्ट कीजिए।
**(UPSSSC व्यायाम प्रशिक्षक-2018, Shift-II)**
(a) विधिवाचक वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) निषेधवाचक वाक्य (d) विस्मयवाचक वाक्य
**उत्तर:** (b)

**25.** स्त्रीलिंग शब्द अलग कीजिए। **(UPSSSC वनरक्षक-2018, Shift-II)**
(a) हुलास (b) हरकत (c) हमला (d) हवाला
**उत्तर:** (b)

**26.** निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य को पहचानिए।
**(UPSSSC व्यायाम प्रशिक्षक-2018, Shift-II)**
(a) श्रीमती गांधी भारत की प्रधानमंत्री थीं।
(b) मेरे ऊपर कृपा करें।
(c) मेरे घर के सामने पाठशाला है
(d) वहाँ भारी भीड़ थी।
**उत्तर:** (b)

**27.** सुहावना, लिखाई व छलिया में निहित प्रत्यय के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए: **(UPSSSC कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा-2017)**
(a) अवना, खायी, या (b) वना, आई, इया
(c) आवना, ई, या (d) आवना, आई, इया
**उत्तर:** (d)

**28.** वे वाक्य सरल वाक्य कहलाते हैं जिनमें:
**(UPSSSC कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा-2017)**
(a) एक से अधिक प्रधान उपवाक्य हों
(b) एक साधारण और दूसरा आश्रित उपवाक्य हो
(c) एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय हो
(d) आश्रित उपवाक्य समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े हों
**उत्तर:** (c)

**29.** निम्न में से कौन-सा वाक्य संयुक्त वाक्य है?
**(UPSSSC स्टेनोग्राफर भर्ती, परीक्षा-2017)**
(a) मैंने लड़के को बुलाया।
(b) उन्हें न नींद आती थी, न भूख प्यास लगती थी।
(c) आपको ऐसा न कहना चाहिए था।
(d) वहाँ जाना अच्छा नहीं है।
**उत्तर:** (b)

**30.** 'अधिकार' में उपसर्ग है:
**(UPSSSC स्टेनोग्राफर भर्ती, परीक्षा-2017)**
(a) कर (b) कार (c) अधि (d) अ
**उत्तर:** (c)

**31.** 'धार्मिक' में प्रत्यय है: **(UPSSSC स्टेनोग्राफर भर्ती, परीक्षा-2017)**
(a) क (b) इक (c) मिक (d) धर्म
**उत्तर:** (c)

**32.** 'प्रतिध्वनि' में कौन-सा उपसर्ग है?
**( कनिष्ठ सहायक बैकलॉग भर्ती, परीक्षा-2017 )**
(a) प्रति (b) प्र (c) प्रत (d) प्रतिध्व
**उत्तर:** (a)

**33.** रचना के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं?
**( कनिष्ठ सहायक बैकलॉग भर्ती, परीक्षा-2017 )**
(a) दो (b) तीन (c) चार (d) पाँच
**उत्तर:** (a)

**34.** सूची I के समूहों का मिलान सूची- II से कीजिए और दिए गए कूट के सही उत्तर का चयन कीजिए-
**(UPPGT (Hindi) Exam-2010)**

| सूची- I | सूची- II |
|---|---|
| A. खचाखच | (i) योगरूढ़ शब्द |
| B. मुरलीधर | (ii) तद्भव शब्द |
| C. टिकटघर | (iii) देशज शब्द |
| D. साँप | (iv) संकर शब्द |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (b) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (c) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (d) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

**उत्तर:** (b)

DISHA™ Publication Inc

**35.** 'उच्चारण शब्द में उपसर्ग है– **(UPPGT (Hindi) Exam -2010)**
(a) उ (b) उच् (c) उत् (d) उच्च

**उत्तर:** (c)

**36.** अभिधा शब्द शक्ति में– **(RTET 2011, II Paper)**
(a) वाच्यार्थ प्रकट होता है
(b) लक्ष्यार्थ प्रकट होता है
(c) व्यंग्यार्थ प्रकट होता है
(d) विचित्र अर्थ प्रकट होता है

**उत्तर:** (a)

**37.** दो भिन्न भाषाओं के मेल से बना शब्द कहलाता है– **(RTET 2011, II Paper)**
(a) तद्भव (b) देशज (c) विदेशज (d) संकर

**उत्तर:** (d)

**38.** 'अजायबघर' है– **(HTET 2011, II Paper)**
(a) देशी शब्द (b) तत्सम शब्द
(c) विदेशी शब्द (d) संकर शब्द

**उत्तर:** (d)

**39.** वर्णों के उस समूह को, जिससे कोई निश्चित अर्थ निकलता हो, कहा जाता है– **(UPTET 2014, II Paper)**
(a) शब्द (b) वर्ण
(c) वर्ण-समूह (d) वक्तव्य

**उत्तर:** (a)

**40.** 'लेखक' शब्द के अंत में कौन-सा प्रत्यय लगा हुआ है? **(UPTET 2013, II Paper)**
(a) क (b) इक (c) आक (d) अक

**उत्तर:** (d)

**41.** 'अभिशाप' शब्द का उपसर्ग चुनिए– **(HTET 2011, II Paper)**
(a) अति (b) अधि (c) आ (d) अभि

**उत्तर:** (d)

**42.** 'सजावट' शब्द का प्रत्यय बताइए– **(HTET 2011, II Paper)**
(a) आव (b) आवट (c) आहट (d) टा

**उत्तर:** (b)

**43.** निम्नांकित में से किस शब्द का निर्माण उपसर्ग से नहीं हुआ है? **(UPTET 2013, I Paper)**
(a) अवसाद (b) उन्नति (c) सज्जन (d) प्रहार

**उत्तर:** (*)

**44.** निम्नलिखित में से प्रत्यय युक्त शब्द नहीं है– **(UPTET 2014, I Paper)**
(a) सादर (b) सावधान (c) स्वभाव (d) समझदार

**उत्तर:** (a)

**45.** 'इक' उपसर्ग के प्रयोग से बना शब्द है– **(HTET 2013, II Paper)**
(a) अनन्त (b) अन्वेषण
(c) अवैतनिक (d) अपेक्षा

**उत्तर:** (c)

**46.** वाक्य में प्रयुक्त शब्द को कहते हैं– **(RTET 2011, II Paper)**
(a) लिपि (b) पद (c) शब्दांश (d) भाषा

**उत्तर:** (b)

**47.** '....... बोलो, कोई सुन लेगा' वाक्य में रिक्त स्थानों पर आएगा। **(RTET 2011, II Paper)**
(a) जोर से (b) गाकर (c) चीखकर (d) धीरे

**उत्तर:** (d)

**48.** 'उद्देश्य' और 'विधेय' किसके अंग हैं? **(RTET 2011, II Paper)**
(a) वाक्य (b) रचना (c) शब्द (d) अर्थ

**उत्तर:** (a)

**49.** 'वहाँ मोहन के ........... कोई नहीं था' वाक्य में रिक्त स्थानों पर प्रयुक्त होगा– **(RTET 2011, II Paper)**
(a) या (b) और (c) अलावा (d) अथवा

**उत्तर:** (c)

**50.** 'सलमा घर जाती है' वाक्य है– **(HTET 2013, I Paper)**
(a) सरल वाक्य (b) निषेधात्मक वाक्य
(c) आज्ञार्थक वाक्य (d) इच्छार्थक वाक्य

**उत्तर:** (a)

**51.** वाक्यों का वर्गीकरण मुख्यत: कितने प्रकार से होता है? **(UPSSSC Lower-II, Exam-2016)**
(a) 2 (b) 3 (c) 6 (d) 8

**उत्तर:** (a)

**52.** अर्थ के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते हैं? **(UPSSSC Lower-II, Exam-2016)**
(a) 3 (b) 4 (c) 5 (d) 6

**उत्तर:** (b)

**53.** उपसर्ग का प्रयोग होता है– **(UPSSSC VDO Exam-2016)**
(a) शब्द के आदि में (b) शब्द के मध्य में
(c) शब्द के अन्त में (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर:** (a)

**54.** 'ईश्वर तुम्हें दीघार्यु दें।' अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताएँ। **(UPSSSC VDO Exam-2016)**
(a) प्रश्नवाचक वाक्य (b) विस्मयवाचक वाक्य
(c) इच्छावाचक वाक्य (d) निषेधवाचक वाक्य

**उत्तर:** (c)

**55.** इनमें से विकारी शब्द कौन-सा है? **(CTET Exam-2015)**
(a) हाथी (b) यहाँ (c) इधर (d) उधर

**उत्तर:** (a)

**56.** कृदन्त प्रत्यय किन शब्दों के साथ जुड़ते हैं? **(CTET Exam-2015)**
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम (c) विशेषण (d) क्रिया

**उत्तर:** (d)

**57.** निम्नलिखित में से किस शब्द में 'एरा' प्रत्यय नहीं है? **(CTET Exam-2015)**
(a) घनेरा (b) सवेरा
(c) ममेरा (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर:** (d)

DISHA™ Publication Inc

**58.** निम्नलिखित में से 'रूढ़' शब्द कौन सा है?
**(Uttarakhand S.I. Exam-2015)**
(a) अपरोक्ष (b) अपादान (c) अपवाद (d) अपमान

**उत्तर:** (b)

**59.** 'इक' प्रत्यय लगाने पर ''सप्ताह'' का रूप क्या होगा?
**( विधान भवन रक्षक, परीक्षा-2016 )**
(a) सप्ताहिक (b) साप्ताहिक
(c) साप्तहिक (d) सप्तहिक

**उत्तर:** (b)

**60.** निम्नलिखित में से किस शब्द में प्रत्यय नहीं है?
**( विधान भवन रक्षक, परीक्षा-2015 )**
(a) गुणवान (b) दूजा (c) इकहरा (d) दुबला

**उत्तर:** (d)

**61.** ''उन्नीस'' शब्द में उपसर्ग है-
**( विधान भवन रक्षक, परीक्षा-2015 )**
(a) उत् (b) उत (c) उन (d) उन्

**उत्तर:** (c)

**62.** यद्यपि मोहन धनी है तथापि बहुत दु:खी है-
**(UPSSSC Assistant Account Exam- 2015)**
(a) साधारण वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर:** (c)

**63.** निम्न में से कौन-सा 'लुटेरा' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है?
**(UPSSSC Assistant Account Exam- 2015)**
(a) एरा (b) रा (c) आ (d) इरा

**उत्तर:** (a)

**64.** 'लालटेन' शब्द निम्न वर्गों में से किस वर्ग में आता है?
**(UPSSSC Lower-III, Exam-2016)**
(a) तत्सम (b) तद्भव (c) देशज (d) विदेशज

**उत्तर:** (d)

**65.** किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?
**(UPSSSC Lower-III, Exam-2016)**
(a) अपवाद (b) पराजय (c) प्रभाव (d) ओढ़ना

**उत्तर:** (d)

**66.** 'राम ने कहा कि मैं घर जाऊँगा' में ''घर जाऊँगा'' कौन-सा वाक्य है? **(UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा-2016)**
(a) संज्ञा उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य
(c) क्रिया-विशेषण उपवाक्य (d) क्रिया उपवाक्य

**उत्तर:** (a)

**67.** 'काजू' शब्द का सम्बन्ध किस भाषा से है?
**(U.P.S.S.S.C अमीन परीक्षा-2016)**
(a) जापानी भाषा (b) चीनी भाषा
(c) फ्रांसीसी भाषा (d) पुर्तगाली भाषा

**उत्तर:** (d)

**68.** 'सुमित्रा' में प्रत्यय होगा-
**(UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा-2016)**
(a) आ (b) अ (c) इत्रा (d) त्रा

**उत्तर:** (a)

**69.** 'बहिर्मुखी' शब्द में कौन-सा उपवर्ग है?
**(UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा-2016)**
(a) बहि (b) बहिर् (c) बहिर (d) बहिस

**उत्तर:** (b)

**70.** निम्नलिखित में विकारी शब्द कौन-सा है?
**(UPSSSC आबकारी सिपाही परीक्षा-2016, प्रथम पाली )**
(a) आज (b) लड़का (c) इधर (d) परन्तु

**उत्तर:** (b)

**71.** 'कहावत' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-
**(UPSSSC Lower-III, Exam-2016)**
(a) हावत (b) वत (c) कह (d) आवत

**उत्तर:** (d)

**72.** 'परा' उपसर्ग का अर्थ है-
**(UPSSSC आबकारी सिपाही, परीक्षा-2016, प्रथम पाली)**
(a) भीतर (b) उल्टा (c) बाहर (d) आस-पास

**उत्तर:** (b)

**73.** निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य का चयन कीजिए-
**(UPSSSC आबकारी सिपाही, परीक्षा-2016, प्रथम पाली)**
(a) आप बताएँ कि आपकी समस्या क्या है?
(b) मैं तुम्हारे साथ व्यापार करना चाहता हूँ।
(c) उसने खाना खाया और सो गया।
(d) परिश्रम करके सफलता प्राप्त करो।

**उत्तर:** (c)

**74.** परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण वाक्य को चिह्नित कीजिए-
**(UPSSSC आबकारी सिपाही, परीक्षा-2016, प्रथम पाली)**
(a) हमें बड़ों से आदरपूर्वक बात करनी चाहिए।
(b) पानी कल से बरस रहा है।
(c) रात को कम खाना चाहिए।
(d) चिड़िया को बाहर माने जाने का डर है।

**उत्तर:** (c)

**75.** निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है- **(UPSSSC VDO Exam-2016)**
(a) मेरे आते ही वर्षा होने लगी।
(b) उसके जाने के बाद वर्षा होने लगी।
(c) वह घर से निकला और वर्षा होने लगी।
(d) ज्यों ही वह घर से निकला, वर्षा होने लगी।

**उत्तर:** (a)

**76.** पिता ने समझाया कि सदा सत्य बोलना चाहिए। यह वाक्य उदाहरण है- **(UPTET Exam-2016)**
(a) सरल वाक्य का (b) इच्छावाचक वाक्य का
(c) मिश्र वाक्य का (d) आज्ञावाचक वाक्य का

**उत्तर:** (c)

DISHA Publication Inc

**77.** 'जो कवि लोकप्रिय होता है, उसका सम्मान सभी करते हैं' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा-
**(UPSSSC राजस्व निरीक्षक, परीक्षा-2015)**
(a) जो कवि होते हैं, वे लोकप्रिय होते हैं।
(b) लोकप्रिय कवि का सम्मान सभी करते हैं।
(c) कवि लोकप्रिय होते हैं और सम्मानित होते हैं।
(d) कवि लोकप्रिय होते हैं इसलिए सम्मानित होते हैं।

**उत्तर:** (b)

**78.** 'आचार्यों ने कहा कि अहिंसा ही परम धर्म है' संरचना के आधार पर वाक्य भेद बताएँ- **(UPSSSC अमीन परीक्षा-2016)**
(a) सरल वाक्य (b) उपवाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) मिश्र वाक्य

**उत्तर:** (d)

**79.** निम्नलिखित में से ''रूढ़'' शब्द कौन-सा है?
**(UPSSSC वनरक्षक परीक्षा-2015)**
(a) पंकज (b) विद्यालय
(c) जलज (d) कमल

**उत्तर:** (d)

**80.** 'बैठक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?
**(UPSSSC Lower Sub-2019, Shift -I)**
(a) बै (b) बैठ (c) अक (d) क

**उत्तर:** (d)

**81.** 'पानी न बरसता तो धान सूख जाता।' किस प्रकार का वाक्य है?
**(UPSSSC Lower Sub-2019, Shift-I)**
(a) आज्ञावाचक (b) संकेतवाचक
(c) संदेहवाचक (d) इच्छावाचक

**उत्तर:** (b)

**82.** 'संयोग' में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?
**(UPSSSC Lower Sub-2019, Shift-II)**
(a) सम् (b) सन (c) सं (d) सु

**उत्तर:** (a)

**83.** निम्नलिखित में से किस शब्द में तद्धित प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?
**(UPSSSC Lower Sub-2019, Shift-I)**
(a) वार्षिक (b) भिड़ंत (c) लड़ाई (d) मिलाप

**उत्तर:** (a)

**84.** 'उसने अपने को निर्दोष घोषित किया।' - इस सरल वाक्य के मिश्र वाक्य का रूप निम्नलिखित में से कौन-सा है?
**(UPSSSC Lower Sub-2019, Shift -II)**
(a) उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ।
(b) उसने कहा और वह निर्दोष घोषित हुआ।
(c) उसने कहा कि उसे निर्दोष घोषित किया जाए।
(d) उसने कहा कि मैं अपने को निर्दोष घोषित कर रहा हूँ।

**उत्तर:** (a)

**85.** "शायद आज रोशनी गुल हो जाए और सिनेमा न हो।" वाक्य में अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद होगा-
**(REET-2018, Level-1)**
(a) संकेतवाचक (b) विधानवाचक
(c) इच्छाबोधक (d) संदेहवाचक

**उत्तर:** (d)

**86.** 'अ' उपसर्ग है- **(REET-2018, Level-1)**
(a) आचरण में (b) अंतरराष्ट्रीय में
(c) अहिंसा में (d) अनुसार में

**उत्तर:** (d)

**87.** 'अत्याचार' शब्द में उपसर्ग है
**(UPTET-2018, Paper-2)**
(a) आ (b) अत्
(c) अति (d) अत्यु

**उत्तर-** (c)

**88.** वाक्य और उसके भेद से संबंधित कौन-सा जोड़ा गलत है?
**(UPTET-2018, Paper-2)**
(a) जो प्रथम आएगा वह पुरस्कार पाएगा - मिश्र वाक्य
(b) नेता ने भाषण दिया और चला गया - संयुक्त वाक्य
(c) बच्चे नाश्ता करके विद्यालय गए - सरल वाक्य
(d) लक्ष्मी गई और सोफिया आ गई - सरल वाक्य

**उत्तर-** (d)

**89.** निम्नलिखित में से कौन-सा मिश्र वाक्य है?
**(UPTET-2019, Paper-2)**
(a) यज्ञदत्त देवदत्त को व्याकरण पढ़ाता है।
(b) वह उड़ती हुई चिड़िया पहचानता है।
(c) उसमें न पत्ते थे, न फूल थे।
(d) मैंने सुना है कि आपके देश में अच्छा राजप्रबन्ध है।

**उत्तर-** (d)

**90.** निम्नलिखित शब्दों में किसमें उपसर्ग का निर्देश अशुद्ध है?
**(UPTET-2019, Paper-2)**
(a) अध + सेरा = अधसेरा
(b) उत् + ग्रीव = उद्ग्रीव
(c) निम् + अज्जित = निमज्जित
(d) नि + खरा = निखरा

**उत्तर-** (c)

**91.** 'वाक्य विग्रह' का अर्थ है **(UPTET-2020-21, Paper-2)**
(a) वाक्य खंडों को अलग-अलग करके उनका सम्बन्ध बताना।
(b) वाक्य रचना करना।
(c) सन्धि और समास बताना।
(d) शब्दों को जोड़ना।

**उत्तर-** (a)

**92.** 'निर्बलता' शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय का सही विकल्प है
**(UPTET-2020-21, Paper-2)**
(a) निर + बलत + आ (b) निर + बल + ता
(c) निर + बल + अता (d) निर् + बल + ता

**उत्तर-** (d)

**93.** 'विचार' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगने से .......... शब्द बनेगा।
**(CTET-2018, Paper-1)**
(a) विचारिक (b) वैचारीक
(c) विचाराइक (d) वैचारिक

**उत्तर-** (d)

**94.** 'बे' उपसर्ग का प्रयोग किस शब्द में नहीं किया जा सकता? **(CTET-2019, Paper-1)**
(a) बस (b) अदब
(c) ईमान (d) फ़िज़ूल
**उत्तर-**(d)

**95.** 'प्रतीक्षा' शब्द से एक नया शब्द बन सकता है **(CTET-2019, Paper-1)**
(a) प्रतीक्षाशाली (b) प्रतीक्षारत
(c) प्रतीक्षावान (d) प्रतीक्षाहीन
**उत्तर-**(b)

**96.** 'वर्ष' में 'इक' प्रत्यय लगाने पर नया शब्द बनेगा **(CTET-2019, Paper-1)**
(a) वर्षिकी (b) वर्षिक
(c) वार्षिकी (d) वार्षिक
**उत्तर-**(d)

**97.** 'शिक्षित' शब्द में प्रत्यय है **(CTET-2019, Paper-1)**
(a) क्षित (b) त
(c) इत (d) क्षत
**उत्तर-**(c)

**98.** प्रत्यय की दृष्टि से उस शब्द को पहचानिए जो शेष शब्दों से भिन्न हो। **(CTET-2019, Paper-1)**
(a) कठोरता (b) कोमलता
(c) निकलता (d) सार्थकता
**उत्तर-**(c)

**99.** 'आध्यात्मिक' शब्द का निर्माण किस उपसर्ग की सहायता से हुआ है? **(CTET-2019, Paper-1)**
(a) आध्य (b) अ
(c) अधि (d) आदि
**उत्तर-**(c)

**100.** 'प्रारम्भ' शब्द में उपसर्ग है- **(CTET-2021, Paper-1)**
(a) प (b) प्र
(c) प्रा (d) प्रार
**उत्तर-**(b)

**101.** "इस पर पश्चिम का प्रभाव है।" वाक्य है- **(CTET-2018, Paper-2)**
(a) विधानवाचक (b) प्रश्नवाचक
(c) संदेहवाचक (d) संबंधवाचक
**उत्तर-**(a)

**102.** 'अंकुरित' शब्द में प्रत्यय है- **(CTET-2018, Paper-2)**
(a) रित (b) त
(c) अं (d) इत
**उत्तर-**(d)

**103.** 'उपयोगिता' शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय क्रमशः हैं **(CTET-2019, Paper-2)**
(a) उप, इता (b) उ, गिता
(c) उप, ता (d) ता, उप
**उत्तर-**(c)

**104.** कौन-सा शब्द अन् उपसर्ग से नहीं बना है? **(CTET-2019, Paper-2)**
(a) अनुपम (b) अनपढ़
(c) अनुपयोगी (d) अनुपकार
**उत्तर-**(b)

**105.** किस शब्द में 'ता' प्रत्यय का प्रयोग **नहीं** है? **(CTET-2021, Paper-2)**
(a) दासता (b) माता
(c) निर्भरता (d) पात्रता
**उत्तर-**(b)

**106.** 'शायद कल निकुंज यहाँ आये।' वाक्य किसका उदाहरण है? **(UPSSSC Forest Guard-2022)**
(a) विधानवाचक वाक्य (b) संदेहवाचक वाक्य
(c) प्रश्नवाचक वाक्य (d) इच्छावाचक वाक्य
**उत्तर:** (b)

**107.** 'गीता ने कहानी लिखकर पुरस्कार प्राप्त किया।' वाक्य किसका उदाहरण है? **(UPSSSC Forest Guard-2022)**
(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर:** (a)

**108.** 'मैंने एक बूढ़े आदमी को देखा, जो बहुत बीमार था।' वाक्य किसका उदाहरण है? **(UPSSSC Forest Guard-2022)**
(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) सरल एवं संयुक्त दोनों
**उत्तर:** (c)

**109.** 'केंद्रित' और 'अधिकता' में क्रमशः प्रत्यय इस प्रकार हैं- **(UPSSSC Forest Guard-2022)**
(a) द्रित, ता (b) ईत, आ
(c) इत, ता (d) ईत, ता
**उत्तर:** (c)

**110.** 'पराधीन' में कौन-सा उपसर्ग है ? **(UPSSSC Forest Guard-2022)**
(a) पर (b) प्रा
(c) परा (d) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर:** (a)

**111.** 'अनुगामी' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ? **(UPSSSC Forest Guard-2022)**
(a) आ (b) अ (c) अनु (d) अन
**उत्तर:** (c)

**112.** 'मिलाप' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है ? **(UPSSSC Forest Guard-2022)**
(a) आप (b) प (c) अ (d) लाप
**उत्तर:** (a)

**113.** 'बंगाली' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है? **(UPSSSC Forest Guard-2022)**
(a) ई (b) ली (c) आली (d) अली
**उत्तर:** (a)

**114.** 'संस्कार' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है? **(UPSSSC-Mandi Parishad-2022)**
(a) सम् (b) सन (c) सम्स (d) सन्स
**उत्तर:** (a)

DISHA™ Publication Inc

**115.** 'सावधानी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है
**(UPSSSC-Mandi Parishad-2022)**
(a) ई (b) इ (c) धानी (d) आनी

**उत्तर:** (a)

**116.** 'परिवर्तन', 'परिवार' में उपसर्ग है- **(UP JAIL POLICE-2022)**
(a) परि (b) प्र
(c) पर् (d) पर

**उत्तर:** (a)

**117.** 'तेलुगू' शब्द की उत्पत्ति निम्नलिखित किस शब्द से हुई है?
**(UP JAIL POLICE-2022)**
(a) तुपानु (b) त्रिलिंग
(c) मालिष (d) मौदुर

**उत्तर:** (b)

**118.** 'विज्ञान' में कौन-सा उपसर्ग लगा है?
**(UP JAIL POLICE-2022)**
(a) इ (b) विज्ञ
(c) विज्ञ् (d) वि

**उत्तर:** (d)

**119.** 'महाजनी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-**(UP JAIL POLICE-2022)**
(a) इ (b) ई
(c) नी (d) जनी

**उत्तर:** (b)

**120.** 'राष्ट्र' में 'ईय' प्रत्यय लगने पर कौन-सा नया शब्द बनेगा?
**(UP JAIL POLICE-2022)**
(a) राज्यीय (b) राष्ट्रिय
(c) राष्ट्रीय (d) राष्ट्रीयता

**उत्तर:** (c)

**121.** निम्नलिखित में से सही वाक्य की पहचान कीजिए।
**(UP JAIL POLICE-2022)**
(a) इस पर्वतीय क्षेत्र में सर्वस्व शांति है।
(b) इस पर्वतीय क्षेत्र में सर्वत्र शांति है।
(c) इस पर्वतीय क्षेत्र में सर्वविदित शांति है।
(d) इस पर्वतीय क्षेत्र में सर्वहारा शांति है।

**उत्तर:** (b)

**122.** निम्नलिखित शब्दों में से यौगिक शब्द की पहचान कीजिए।
**(UP JAIL POLICE-2022)**
(a) मुरलीधर (b) पंकज
(c) पुस्तक (d) परमौषधि

**उत्तर:** (d)

**123.** निम्नांकित में एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है -
**(UP ARO/RO-2021)**
(a) मैं अनेकों बार विदेश गया।
(b) इस हीरे का मूल्य नापा नहीं जा सकता।
(c) बिना टिकट यात्रा दण्डनीय है।
(d) आप केवल इतना ही काम कर दीजिए।

**उत्तर:** (c)

## अध्याय आधारित वर्णनात्मक प्रश्न

**1. निम्नलिखित उपसर्गों/प्रत्ययों से एक-एक शब्द की रचना कीजिए:**
अधि, परि, भर, अठ, नि, खुश, इक, आइन, अक्कड़
**(UPPSC-2018)**

**उत्तर-उपसर्ग** **प्रत्यय**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अधि | + | भार | = | अधिभार |
| परि | + | माप | = | परिमाप |
| भर | + | पेट | = | भरपेट |
| अठ | + | खेलियाँ | = | अठखेलियाँ |
| नि | + | कम्मा | = | निकम्मा |
| खुश | + | हाल | = | खुशहाल |
| धर्म | + | इक | = | धार्मिक |
| पंडित | + | आइन | = | पंडिताइन |
| घूम | + | अक्कड़ | = | घूमक्कड़ |

**2. (a) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्गों का निर्देश कीजिए।**
संगोष्ठी, प्रत्यक्ष, पराक्रम, निर्वसन, निस्संदेह
**(b) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्ययों को विलग कीजिए।**
शैव, नीलिमा, दक्षिणात्य, खुर्दबीन, वर्तमान
**(UPPSC-2019)**

**उत्तर-(a) प्रयुक्त उपसर्ग**

| | | |
|---|---|---|
| संगोष्ठी | - | **सम** + गोष्ठी |
| प्रत्यक्ष | - | **प्रति** + अक्ष |
| पराक्रम | - | **परा** + क्रम |
| निर्वसन | - | **निर्** + वसन |
| निस्सन्देह | - | **निस्** + सन्देह |

**(b) प्रयुक्त प्रत्यय**

शैव - शिव + **अ**
नीलिमा - नील + **इमा**
दक्षिणात्य - दक्षिण + **अत्य**
खुर्दबीन - खुर्द + **बीन**
वर्तमान - वर्त + **मान**

**3. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्गों को निर्देश कीजिए।**
अपव्यय, निष्काम, उन्नयन, संशय, स्वच्छ **(UPPSC-2020)**

**उत्तर- प्रयुक्त उपसर्ग**
अपव्य - अप
निष्काम - निस्
उन्नयन - उत्
संशय - सम
स्वच्छ - सु

**4. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्ययों को अलग कीजिए।**
क्रीड़ा, मिठाई, मरियल, भिक्षुक, धमकी **(UPPSC-2020)**

**उत्तर- प्रत्यय**
क्रीड़ा - आ
मिठाई - आई
मरियल - इयल
भिक्षुक - उक
धमकी - ई

5. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्गों का निर्देश कीजिए:
(i) उपासना (ii) दुस्साध्य (iii) निमीलित
(iv) सुपुत्र (v) अपस्मार **(UPPSC-2021)**

**उत्तर-प्रयुक्त उपसर्ग:**
(i) उपासना =उप + आसना (उपसर्ग - उप)
(ii) दुस्साध्य =दुस् + साध्य (उपसर्ग - दुस्)
(iii) निमीलित =नि + मीलित (उपसर्ग - नि)
(iv) सुपुत्र = सु + पुत्र (उपसर्ग - सु)
(v) अपस्मार =अप + स्मार (उपसर्ग - अप)

**6. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्ययों को अलग कीजिए:**
(i) अपनापा (ii) वैदिक (iii) राधेय (iv) गुरुता
(v) ग्रामीण **(UPPSC-2021)**

**उत्तर-प्रयुक्त प्रत्यय:**
(i) अपनापा =अपना + पा (प्रत्यय - पा)
(ii) वैदिक =वेद + इक (प्रत्यय - इक)
(iii) राधेय =राधा + एय (प्रत्यय - एय)
(iv) गुरुता = गुरु + ता (प्रत्यय - ता)
(v) ग्रामीण =ग्राम + ईण (प्रत्यय - ईण)

**7. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्गों का निर्देश कीजिए:**
उद्ग्रीव, दुर्दशा, निमीलित, निश्चल, अत्यंत **(UPPSC-2022)**

**उत्तर-प्रयुक्त उपसर्ग:**

| शब्द विग्रह | उपसर्ग |
|---|---|
| उद् + ग्रीव | उद् |
| दुर् + दशा | दुर् |
| नि + मीलित | नि |
| निश् + चल | निश् |
| अति + अंत | अति |

**8. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्ययों को अलग कीजिए:**
देव, पूज्य, कौन्तेय, पौराणिक, तन्द्राल **(UPPSC-2022)**

**उत्तर-प्रयुक्त प्रत्यय:**
देव = दिव् + अ = अ
पूज्य = पूज् + अ = य
कौन्तय = कुंति + य = य
पौराणिक = पुराण + इक = इक
तन्द्रालु = तन्द्रा + आलु = आलु

9. जिस वाक्य में एक उद्देश्य और एक ही विधेय हो उसे रचना की दृष्टि से यह कौन सा वाक्य कहा जाएगा? **(UK PCS-2021)**

**उत्तर: सरल वाक्य-** जिस वाक्य में एक उद्देश्य और एक ही विधेय हो, उसे रचना की दृष्टि से सरल वाक्य कहा जाता है।
जैसे- मोहन (उद्देश्य) पुस्तक पढ़ता है। (विधेय)

10. 'मुझे पता ही नहीं चला कि तुम कब आए।' रचना की दृष्टि से यह कौन-सा वाक्य है? **(UK PCS-2021)**

**उत्तर: मिश्र वाक्य -** जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य हो और अन्य उपवाक्य उस पर आश्रित हों, उसे मिश्रित वाक्य कहते हैं।
जैसे - मुझे पता ही नहीं चला (प्रधान उपवाक्य) कि तुम कब आए। (आश्रित उपवाक्य)

11. निम्नांकित वाक्य को प्रश्नवाचक बनाइये: **(UK PCS-2021)**
'सूर्य पूर्व से निकलता है।'

**उत्तर: प्रश्न वाचक वाक्य-** क्या सूर्य पूर्व से निकलता है?

12. 'उसने लक्ष्य पाने के लिए हर संभव प्रयत्न किए'। **(UK PCS-2021)**
वाक्य को नकारात्मक अर्थ में बदलिए।

**उत्तर: नकारात्मक वाक्य-** उसने लक्ष्य पाने के लिए कोई प्रयत्न नहीं किए।

13. निम्नलिखित उपसर्गों से 2-2 शब्द बनाइए: **(Rajasthan PCS-2022)**
(i) आ (ii) उत्

**उत्तर:** (i) आ =आदान, आग्रह
(ii) उत् =उत्थान, उद्गम,

14. निम्नांकित शब्दों में से उपसर्ग अलग कीजिए: **(Rajasthan PCS-2022)**
(i) आविष्ट (ii) प्रत्याशा
(iii) न्यास (iv) अभ्यर्थी

**उत्तर:** (i) आव + ईष्ट (ii) प्रति + आशा
(iii) नि + आस (iv) अभि + अर्थी

15. निम्नांकित शब्द और प्रत्यय के संयोग से सही शब्द बनाइए: **(Rajasthan PCS-2022)**

DISHA™ Publication Inc

(i) भूत + इक (ii) बड़ा + पन

**उत्तर:** (i) भौतिक (ii) बड़प्पन

**16.** निम्नांकित शब्दों में से प्रत्यय अलग कीजिए:

**(Rajasthan PCS-2022)**

(i) कृति (ii) नैतिक (iii) जवानी

**उत्तर:** (i) कृत् + इति (ii) नीति + इक

(iii) जवान + ई

## अभ्यास प्रश्न

**1.** निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग पहचानिए: अभ्यास, अभिमुख, अभियान
(a) अप (b) अध (c) अन (d) अभि

**2.** निम्नलिखित में कौन-सा शब्द अरबी-फ़ारसी उपसर्ग युक्त नहीं है?
(a) समवाय (b) नाकाम (c) हमसफ़र (d) बेधड़क

**3.** संस्कृत उपसर्ग युक्त शब्द नहीं है।
(a) अनुजीवी (b) अपशब्द (c) लाचार (d) प्रकर्ष

**4.** 'सदाचार' में उपसर्ग है।
(a) सत् (b) आ (c) अव (d) अचार

**5.** 'अत्युक्ति' में उपसर्ग है।
(a) अधि (b) दुर (c) अति (d) ऊन

**6.** 'समादर' व 'संरक्षण' में उपसर्ग है।
(a) सम् (b) प्रति (c) वि (d) उ

**7.** शब्दांश कितने प्रकार के होते हैं?
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 4

**8.** कौन-सा शब्द अरबी नहीं है?
(a) इजलास (b) किस्मत
(c) कातिल (d) कमीना

**9.** तुर्की शब्द नहीं है-
(a) कालीन (b) चकमक (c) आमदनी (d) अजब

**10.** हिन्दी उपसर्ग युक्त शब्द नहीं है।
(a) अवान (b) उनचास (c) कपूत (d) उपमा

**11.** छलिया, पठनीय व कहानी में कौन-सा प्रत्यय निहित है?
(a) इत, ल, आवट (b) इला, वाला, ईला
(c) ईला, वाला, इक (d) इया, ईय, आनी

**12.** चर्मकार, प्रभाकर में कौन-सा प्रत्यय निहित है?
(a) कार, कर (b) इया, ईय
(c) वान, आड़ी (d) त्व, तर

**13.** खंडहर, लुटेरा शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?
(a) हर, ऐरा (b) ईला, तर
(c) आज, क (d) वत, तर

**14.** जो प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम व विशेषण में जुड़कर नया शब्द बनाते हैं; वे प्रत्यय हैं-
(a) कृत् प्रत्यय (b) तद्धित प्रत्यय
(c) कृत व तद्धित प्रत्यय (d) इनमें से कोई नहीं

**15.** कृदन्त् प्रत्यय किन शब्दों के साथ जुड़ते हैं?
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) क्रिया (d) अव्यय

**16.** 'अलमारी' किस विदेशी भाषा का शब्द हैं?
(a) अंग्रेजी (b) फ्रांसीसी (c) डच (d) पुर्तगाली

**17.** निम्नांकित में योगरूढ़ शब्द है-
(a) विशालकाय (b) पुष्प
(c) कुमुदिनी (d) पंकज

**18.** निम्नलिखित शब्दों में योगरूढ़ शब्द कौन-सा है?
(a) चक्रपाणी (b) पाठशाला
(c) उपचार (d) अभिव्यक्ति

**19.** 'ई' प्रत्यय किस शब्द में नहीं हैं?
(a) तेली (b) रंगीला (c) माली (d) अलबेली

**20.** 'संस्कार' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?
(a) सम् (b) सन् (c) सम्स (d) सन्स

**21.** 'वकील' किस भाषा का शब्द है?
(a) फारसी का (b) अरबी का
(c) तुर्की का (d) पुर्तगाली का

**22.** 'संकर' शब्द का अर्थ है-
(a) तत्सम शब्द
(b) तदभव शब्द
(c) विदेशी शब्द
(d) दो भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना शब्द

**23.** निम्नलिखित में से किस शब्द में 'उपसर्ग' है?
(a) लालिमा (b) पराजय (c) दशक (d) कारीगर

**24.** 'अध्यक्ष' व 'अधिष्ठाता' उपसर्ग है।
(a) अधि (b) अति (c) अध (d) प्रति

**25.** जिन शब्दों की व्युत्पत्ति का पता नहीं चलता, उन्हें कहा जाता है-
(a) तत्सम (b) तद्भव (c) देशज (d) संकर

**26.** निम्नलिखित शब्द-युग्मों में कौन-सा असंगत है?
(a) अफसोस - फारसी (b) कैंची - तुर्की
(c) गमला - पुर्तगाली (d) कारतूस - अंग्रेजी

**27.** योगरूढ़ शब्द कौन है?
(a) योद्धा (b) दशानन
(c) राक्षस (d) सुर

| उत्तरकुंजी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **1** | (d) | **2** | (a) | **3** | (c) | **4** | (a) | **5** | (c) | **6** | (a) | **7** | (b) | **8** | (d) | **9** | (d) | **10** | (a) |
| | **11** | (d) | **12** | (a) | **13** | (a) | **14** | (b) | **15** | (c) | **16** | (d) | **17** | (d) | **18** | (a) | **19** | (b) | **20** | (a) |
| | **21** | (b) | **22** | (d) | **23** | (b) | **24** | (a) | **25** | (c) | **26** | (d) | **27** | (b) | | | | | | |

DISHA™ Publication Inc